जनेप प्राधिकरण
JNPA

INDIA'S
BEST
PERFORMING
PORT

जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण
JAWAHARLAL NEHRU PORT AUTHORITY

वार्षिक प्रशासन रिपोर्ट 2023-24
Annual Administration Report 2023-24

INDIA'S BEST PERFORMING PORT

विषय सूची / TABLE OF CONTENTS

Sr.No.	भाग / PART – I	PAGE NO.
1.	मंडल सदस्य / BOARD MEMBERS	18
2.	प्रधान अधिकारी / PRINCIPAL OFFICERS	20
3.	अध्यक्ष महोदय की रिपोर्ट / CHAIRMAN'S REPORT	22
	भाग / PART – II	
4.	मुख्य विशेषताऐं / HIGHLIGHTS	46
5.	कंटेनर टर्मिनल निष्पादन की मुख्य विशेषताऐं: एनएसएफटी CONTAINER TERMINAL PERFORMANCE HIGHLIGHT: NSFT	50
6.	कंटेनर टर्मिनल निष्पादन की मुख्य विशेषताऐं: एनएसआईसीटी CONTAINER TERMINAL PERFORMANCE HIGHLIGHTS: NSICT	52
7.	कंटेनर टर्मिनल निष्पादन की मुख्य विशेषताऐं : एनएसआईजीटी CONTAINER TERMINAL PERFORMANCE HIGHLIGHT: NSIGT	54
8.	कंटेनर टर्मिनल निष्पादन की मुख्य विशेषताऐं : जीटीआई CONTAINER TERMINAL PERFORMANCE HIGHLIGHTS: GTI	56
9.	कंटेनर टर्मिनल निष्पादन की मुख्य विशेषताऐं : बीएमसीटी बीएमसीटी CONTAINER TERMINAL PERFORMANCE HIGHLIGHT: BMCT	58
10.	कंटेनर टर्मिनल निष्पादन की मुख्य विशेषताऐं : एनएसडीटी एनएसडीटी CONTAINER TERMINAL PERFORMANCE HIGHLIGHTS: NSDT	60
11.	बल्क टर्मिनल निष्पादन की रूपरेखा BULK TERMINAL PERFORMANCE PROFILE	62
12.	प्रचालनीय निष्पादन की रूपरेखा / OPERATING PERFORMANCE PROFILE	64
13.	वित्तीय निष्पादन की रूपरेखा / FINANCIAL PERFORMANCE PROFILE	92
14.	प्रचालनीय निष्पादन की रूपरेखा / GENERAL INFORMATION	112
	भाग / PART – III	
15.	सांख्यिकीय सूचना / STATISTICAL INFORMATION	158

05 अप्रैल, 2023 को, श्री मार्क हार्बर, नीदरलैन्ड सरकार के अवसंरचना एवं जल प्रबंधन मंत्री और व्यापार अभियान के नेता एवं प्रतिनिधि मंडल ने जनेप प्राधिकरण का भ्रमण किया ।

Mr. Mark Harbers, Minister of Infrastructure and Water Management, Govt. of Netherlands & Trade Mission Leader and the delegation visited JNPA on 5th April 2023.

पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय के केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री शान्तनु ठाकुर ने 06 अप्रैल, 2023 को जनेप प्राधिकरण का भ्रमण किया ।

The Union Minister of State for Ports, Shipping, and Waterways Shri Shantanu Thakur visited JNPA on 6th April 2023.

12 अप्रैल, 2023 को श्री दम्मू रवि, भा.वि.से. सचिव (इ. आर.), विदेश मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जनेप प्राधिकरण का भ्रमण किया गया ।

Shri Dammu Ravi, IFS Secretary (ER), Ministry of External Affairs, Govt. of India visited JNPA on 12th April 2023.

13 अप्रैल, 2023 को आइ. एस. पी. एस. सुरक्षा कार्यशाला के एसियन क्षेत्रीय मंच के प्रतिनिधि मंडल द्वारा जनेप प्राधिकरण का भ्रमण किया ।

Delegates of ASEAN Regional Forum ISPS Security Workshop visited JNPA on 13th April 2023

14 अप्रैल, 2023 को, भारत रत्न डा. बी. आर. अम्बेडकर की 132वीं जयंती मनाई गयी ।
132nd Birth Anniversary of Bharat Ratna Dr. B R Ambedkar celebrated at JNPA on 14th April 2023.

21 अप्रैल, 2023 को, श्री उन्मेष शरद वाघ, भा. रा. से., उपाध्यक्ष, जनेप प्राधिकरण द्वारा परिवाहकों एवं निर्यातकों के लिए सी.पी.पी. वजनकाँटा सुविधा का उद्घाटन किया गया ।
Shri Unmesh Sharad Wagh, IRS, Dy Chairman, JNPA, inaugurated the CPP Weighbridge facility for the Transporters & Exporters on 21st April 2023.

25 मई, 2023 को जनेप प्राधिकरण ने उत्कृष्टता एवं उपलब्धियों के 34 वर्ष पूरे किये ।
JNPA celebrates 34 years of excellence and achievements on 25th May 2023.

26 मई, 2023 को, जनेप प्राधिकरण ने जेएम बक्शी एवं कम्पनी के स्वामित्व -वाली न्हावा शेवा डिस्ट्रीब्युशन टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड (एन. एस. डी. टी. पी. एल) को तटीय घाट एवं उथला जल घाट प्रबंधन, प्रचालन और सुविधाओं के लिए अनुमति पत्र प्रदान किया ।
JNPA handed over a letter of permission on 26th May 2023, for operations and facilities to JM Baxi & Company owned Nhava Sheva Distribution Terminal Pvt. Ltd. (NSDTPL) for managing coastal berth and shallow water berth.

05 जून, 2023 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर श्री संजय सेठी, भा.प्र.से. अध्यक्ष, जनेप प्राधिकरण ने 'जनेप प्राधिकरण में अनेकों जीवन' शीर्षक की कॉफी टेबल पुस्तिका को अनावरण किया ।

Shri Sanjay Sethi, IAS, Chairman, JNPA, unveiled the Coffee Table Book on the Biodiversity of JNPA, titled "Lives Within JNPA," on World Environment Day on 5th June 2023.

14 जून, 2023 को जनेप प्राधिकरण के बहुद्देशीय हॉल में, के. ई. एम. अस्पताल, मुम्बई के साथ मिलकर, जनेप प्राधिकरण ने रक्तदान शिविर आयोजित किया ।

Blood Donation Camp organized by JNPA in association with KEM Hospital, Mumbai at JNPA Multipurpose Hall on 14th June 2023

मंत्रालय के निदेशानुसार, अनेकों कार्यक्रमों और गतिविधियों के साथ जनेप प्राधिकरण में योग सप्ताह और अन्तर्राष्ट्रीय दिवस मनाया गया ।

Yoga week & International Yoga Day was celebrated in JNPA as per Ministry Guidelines followed with various events and activities.

25 जून, 2023 को, श्री आशीष शेलार, एम.एल.ए., श्री महेश बालदी, एम. एल. ए. और श्री उन्मेष शरद वाघ, भा.रा.से., उपाध्यक्ष, जनेप प्राधिकरण की उपस्थिति में, जनेप प्राधिकरण पर नाविक क्लब का उद्घाटन श्री श्रीपद नाईक, पत्तन, पोत परिवहन, जलमार्ग और पर्यटन के माननीय राज्य मंत्री के द्वारा हुआ ।

Inauguration of Seafarers Club at JN Port by Shri Shripad Naik, Hon'ble Minister of State for Ports, Shipping, Waterways, and Tourism, in the presence of Shri Ashish Shelar, MLA, Shri Mahesh Baldi, MLA, and Shri Unmesh Sharad Wagh, IRS, Dy Chairman, JNPA; on 25th June 2023

05 जुलाई, 2023 को यातायात, पर्यटन और संस्कृति की विभागीय संसदीय स्थायी समिति के आदरणीय सदस्यों द्वारा जनेप प्राधिकरण का भ्रमण किया गया और उनका स्वागत श्री उन्मेष शरद वाघ, भा.रा.से., उपाध्यक्ष द्वारा किया गया ।

Honourable members of the Department-related Parliamentary Standing Committee on Transport, Tourism, and Culture visited JNPA on 5th July 2023, and were welcomed by Shri Unmesh Sharad Wagh, IRS, Deputy Chairman.

19 जुलाई, 2023 को जनेप प्राधिकरण ने पुणे में एक निवेशक वार्तालाप बैठक आयोजित की ताकि पास के पुणे औद्योगिक क्षेत्र के निवेशकों को जनेप प्राधिकरण विशेष आर्थिक क्षेत्र के लिए आकर्षित किया जा सके ।

On 19th July 2023, JNPA held an investor interaction meet in Pune to attract investors in the vicinity at Pune Industrial Zone for the JNPA SEZ.

22,000 मीट्रिक टन स्टील कॉयल्स के तटीय मालवाहक जलयान, एम. वी. विट्रे का प्रहस्तन करके, जनेप प्राधिकरण को तटीय नौवहन में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई ।

JNPA gets a major boost in the coastal shipping, by handling ship M.V. VTRE. carrying Coastal Cargo of 22,000 MT of Steel coils.

11 सितम्बर, 2023 को जी.टी.आई. के अवसंरचना उन्नयन समारोह का उद्घाटन हुआ ।

Inauguration Ceremony of Upgraded Infrastructure of GTI was held on 11th September 2023.

13 सितम्बर, 2023 को, जनेप प्राधिकरण ने श्री संजय बन्सोडे, महाराष्ट्र सरकार के क्रीड़ा, युवा कल्याण और पत्तनों के माननीय राज्य मंत्री की मेजबानी कर सम्मानित महसूस किया ।

On 13th September 2023, JNPA had the honour of hosting Shri Sanjay Bansode, Hon'ble Minister of State for Sports, Youth Welfare, and Ports, Govt. of Maharashtra.

15 सितम्बर, 2023 को जनेप प्राधिकरण ने डा. प्रवीण कुमारी सिंह, अपर सचिव, के.स.आ. का स्वागत किया ।
On 15th September 2023, JNPA welcomed Dr. Praveen Kumari Singh, Additional Secretary from CVC.

01 अक्बटूर, 2023 को जनेप प्राधिकरण ने एक विशेष अभियान – स्वच्छता ही सेवा आयोजित किया ।
On 1st October 2023 JNPA did a special campaign - Swachhata Hi Seva.

20 नवम्बर, 2023 को जनेप प्राधिकरण के अपेक पत्तन प्रशिक्षण केन्द्र पर स्वास्थ्य एवं संरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम की संहिता एवं उनके अर्थों के शुभारम्भ दिवस के रूप में मनाया गया ।
On 20th November 2023, it was the inaugural day of the Code and Implications on Health and Safety training program at JNPA-APEC Port Training Centre.

27 नवम्बर, 2023 को जनेप प्राधिकरण ने प्रशासन भवन पर संविधान दिवस मनाया ।
On 27th November 2023, JNPA celebrated Constitution Day at Administration building.

6 दिसम्बर, 2023 को, हमने जनेप प्राधिकरण प्रशासन भवन पर डा. बी. आर. अम्बेडकर की पुण्य तिथि के अवसर पर उनकी चिरकालिक विरासत को मनाने के लिए आयोजन किया ।
On 6th December 2023, we convened at the JNPA Administration Building to commemorate the enduring legacy of Dr. B.R. Ambedkar on the solemn occasion of his death anniversary.

18 दिसम्बर, 2023 से 22 दिसम्बर, 2023 तक जनेप प्राधिकरण के अपेक प्रशिक्षण केन्द्र पर पत्तन परिभारिकी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था ।
The Port Logistics training program was conducted at JNPA APEC training center from 18th December 2023 to 22nd December 2023.

22 दिसम्बर, 2023 को जनेप प्राधिकरण ने भा. पु. से. परीवीक्षाधीनों के प्रतिनिधि मंडल की मेजबानी की ।
On 22nd December 2023, JNPA hosted a group of IPS Probationers.

27 दिसम्बर, 2023 को हमने टर्मिनलों के बीच रेल प्रहस्तन प्रचालन के लिए जे एन पी ए, एन एस आइ सी टी, जी टी आई, एन एस आई जी टी, बी एम सी टी पी एल, एन एस एफ टी और एन एस डी टी पी एल टर्मिनलों के बीच एम ओ ए 2019 के पूरक करार पर हस्ताक्षर किये ।
On 27th December 2023, we had a signing of supplementary agreement to MOA of 2019 on Inter Terminal Rail Handling Operation between JNPA, NSICT, GTI, NSIGT, BMCTPL, NSFT & NSDTPL Terminals.

05 जनवरी, 2024 को, जनेप प्राधिकरण ने हमारे अविश्वसनीय महिला कार्मिकों के लिए पदयात्रा का आयोजन करते हुए समानता और शिक्षा की भावना मनायी ।
On 5th January 2024, JNPA celebrated the spirit of equality and education with a walkathon for our incredible female employees.

10 जनवरी, 2024 को, जनेप प्राधिकरण ने बेल्जियम, ईयू और लक्जेमबर्ग में भारत के अगले राजदूत श्री सौरभ कुमार, सचिव (पूर्व) की मेजबानी करते हुए, पत्तन का भ्रमण करवाया ।

On 10th January 2024, JNPA hosted Shri Saurabh Kumar, Secretary (East), the next Ambassador of India to Belgium, EU, and Luxembourg, during his visit to JNPA.

12 जनवरी, 2024 को जनेप प्राधिकरण ने गर्व के साथ अपने बेड़े में आधुनिक विद्युत वाहनों को शामिल करने की घोषणा की । इस कदम से जनेप प्राधिकरण के लिए हरित और स्वच्छ भविष्य बनाने के अभियान में महत्वपूर्ण उपलब्धि मिली ।

On 12th January 2024, JNPA proudly announced the addition to our fleet, the cutting- edge electric vehicles! This marked a significant stride in JNPA's mission for a greener and cleaner future.

जनेप नगरक्षेत्र के खेल के मैदान में आयोजित 75वें गणतंत्र दिवस समारोह में, 26 जनवरी, 2024 को जनेप प्राधिकरण के प्रभारी अध्यक्ष श्री उन्मेष शरद वाघ, भा. रा. से. ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया ।

On 26th January 2024, Shri Unmesh Sharad Wagh, IRS, Chairperson I/c of JNPA, hoisted the national flag at the 75th Republic Day celebration held at the Sports Ground in the JNPA township

28 जनवरी, 2024 को, जनेप प्राधिकरण अस्पताल ने नि:शुल्क नैदानिक स्वाश्थ्य शिविर लगाया जिसमें नि:शुल्क वैद्यकीय परामर्श, नेत्र जाँच, त्वरित रक्त शर्करा जाँच, ई सी जी, बी एम आई, बोन डेन्सिटोमेट्री, पल्मोनरी फंक्शन परीक्षण आदि शामिल हैं ।

JNPA hospital organized a free diagnostic health camp on 28th January 2024, which included free doctor consultations, eye check-up, Random blood sugar check-up, ECG, BMI, Bone densitometry, pulmonary function tests etc.

02 फरवरी, 2024 को श्री टी. के. रामचन्द्रन, भा.प्र.से., पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के सचिव महोदय ने जनेप प्राधिकरण के अपने भ्रमण के दौरान, अपना बहुमूल्य समय देते हुए जसखर गाँव के पास फ्लाई ओवर और जनेप प्राधिकरण की हाल ही में पुनर्जीवित झीलों का उद्घाटन किया । इसके अतिरिक्त उन्होंने सी पी पी ओर जनेप प्राधिकरण के विशेष आर्थिक क्षेत्र का भी निरीक्षण किया ।

Shri T.K. Ramachandran, IAS, Secretary, MOPSW, during his visit to JNPA on 2nd February 2024 was kind enough to inaugurate the flyover near Jaskhar Village and the newly rejuvenated lakes in JNPA. Additionally, he took the time to oversee CPP and JNPA SEZ facilities.

जनेप प्राधिकरण नगरक्षेत्र में 15 और 16 फरवरी, 2024 को, 42वीं अखिल भारतीय महा पत्तन शारीरीक सौष्ठव एवं भारोत्तलन चैम्पियनशिप 2023-24 की मेजबानी की गयी । जिसमें जनेप प्राधिकरण के दल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया ।

The 42nd All India Major Port Bodybuilding and Weightlifting Championship 2023-2024 was hosted in JNPA Township on 15th and 16th February, 2024. JNPA's team showcased outstanding performance in the same.

21 फरवरी, 2024 को, जनेप प्राधिकरण के द्रव घाट 3 और 4 के प्रचालन के लिए मैसर्स जे एस डब्लू इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को आशय पत्र (एल ओ आई) जारी किया गया ।

The Letter of Intent (LoI) was issued to M/s JSW Infrastructure Limited for the operation of Liquid Berth 3 and 4 at JNPA on 21st February 2024.

27 फरवरी, 2024 को अनेकों गणमान्य व्यक्तियों तथा प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ, जनेप प्राधिकरण ने 'मराठी भाषा दिवस' मनाया ।

JNPA celebrated 'Marathi Bhasha Divas' on 27th February 2024 with participation of dignitaries and various Competition were conducted.

11 मार्च, 2024 को, एल बी एस एन ए ए के भा.प्र.से. के परीवीक्षाधीन अधिकारियों ने जनेप प्राधिकरण का भ्रमण किया ।

Probationer IAS officers from LBSNAA visited JNPA On 11th March 2024.

20 मार्च, 2024 को वैश्विक समुद्री विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि मंडल ने जनेप प्राधिकरण का भ्रमण किया ।
Delegation from World Maritime University visited JNPA on 20th March 2024.

22 मार्च, 2024 को, श्री तरूण कुमार, प्रधानमंत्री के सलाहकार और प्रधानमंत्री कार्यालय के अधिकारी गणों ने जनेप प्राधिकरण का भ्रमण किया ।
Shri Tarun Kapoor, Advisor to the Prime Minister and officials of PMO office, visited JNPA on 22nd March 2024.

27 मार्च, 2024 को जनेप प्राधिकरण की सुविधाओं को जानने के लिए श्रीलंका के पत्तन एवं उड्डयन राज्य मंत्री श्री प्रेमालाल जयसेकरा और प्रतिनिधि मंडल ने जनेप प्राधिकरण का भ्रमण किया ।
Mr. Premalal Jayasekara, State Minister of Ports & Aviation of Sri Lanka, and delegates visited JNPA on 27th March 2024 to know about JNPA facilities.

विषय-सूची / TABLE OF CONTENTS

भाग / PART – I

1.	मंडल-सदस्य / BOARD MEMBERS	18
2.	प्रधान अधिकारी / PRINCIPAL OFFICERS	20
3.	अध्यक्ष महोदय की रिपोर्ट / CHAIRMAN'S REPORT	22

1. मंडल-सदस्य

क्र.सं.	नाम	प्रतिनिधित्व
1	श्री संजय सेठी, भा.प्र.से.	अध्यक्ष 2 जनवरी, 2024 तक
2	श्री उन्मेष शरद वाघ, भा.रा.से.	अध्यक्ष 3 जनवरी, 2024 से
	श्री उन्मेष शरद वाघ, भा.रा.से.	उपाध्यक्ष
3	श्री भूषण कुमार संयुक्त सचिव पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय	पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के प्रतिनिधि
4	श्री आशीष कुमार सिंह प्रधान सचिव (परिवहन एवं पत्तन)	महाराष्ट्र सरकार के प्रतिनिधि (फरवरी, 2024 तक)
	श्री संजय सेठी, भा.प्र.से. अतिरिक्त मुख्य सचिव (परिवहन एवं पत्तन)	महाराष्ट्र सरकार के प्रतिनिधि (फरवरी, 2024 से)
5	श्री अतुल राणे मुख्य ढुलाई यातायात प्रबंधक, मुख्य प्रचालन प्रबंधक का कार्यालय, मध्य रेल	भारतीय रेल के प्रतिनिधि (फरवरी, 2024 तक)
	श्री अखलाक अहमद मुख्य ढुलाई यातायात प्रबंधक, मुख्य प्रचालन प्रबंधक का कार्यालय, मध्य रेल	भारतीय रेल के प्रतिनिधि (फरवरी, 2024 से)
6	कॉमोडोर जिलेत कोशी नौसेना प्रभारी अधिकारी (महाराष्ट्र)	रक्षा सेवाओं के प्रतिनिधि (मई, 2023 तक)
	कॉमोडोर संदीप सिंह सरना नौसेना प्रभारी अधिकारी (महाराष्ट्र)	रक्षा सेवाओं के प्रतिनिधि (मई, 2023 से)
7	श्री राजेश पांडे, भा.रा.से. मुख्य सीमाशुल्क आयुक्त, मुंबई - I।	सीमा शुल्क विभाग के प्रतिनिधि (नवम्बर, 2022 से)
8	श्री दिनेश के. पाटील (कर्मचारियों के प्रतिनिधि)	कर्मचारियों के प्रतिनिधि (नवम्बर, 2022 से)
9	श्री रविंद्र पाटील (कर्मचारियों के प्रतिनिधि)	कर्मचारियों के प्रतिनिधि (नवम्बर, 2022 से)

1. BOARD MEMBERS

Sr. No.	NAME	REPRESENTING
1	Shri Sanjay Sethi, IAS	Chairman up to 2nd January 2024
2	Shri Unmesh Sharad Wagh, IRS	Chairman from 3rd January 2024
	Shri Unmesh Sharad Wagh, IRS	Deputy Chairman
3	Shri Bhushan Kumar Joint Secretary, Ministry of Ports, Shipping and Waterways.	Representing Ministry of Ports, Shipping and Waterways, Govt. of India.
4	Shri Parag Jain Nainuttia, IAS Principal Secretary (Transport & Ports)	Representing Government of Maharashtra (up to Feb 2024)
	Shri Sanjay Sethi, IAS Additional Chief Secretary (Transport & Ports)	Representing Government of Maharashtra (From Feb 2024)
5	Shri. Atul Rane Chief Freight Transportation Manager Central Railway Office of the Chief Operations	Representing Indian Railways (up to Feb 2024)
	Shri. Akhlaque Ahmed Chief Freight Transportation Manager Central Railway Office of the Chief Operations	Representing Indian Railways (From Feb 2024)
6	Cmde Jilet Koshy Naval Officer-in-Charge (Maharashtra)	Representing Defense Services (up to May 2023)
	Cmde Sandeep Singh Sarana Naval Officer-in-Charge (Maharashtra)	Representing Defense Services (From May 2023)
7	Shri Rajesh Pandey, IRS Chief Commissioner of Customs, Mumbai II	Representing Department of Customs (From Nov 2022)
8	Shri. Dinesh K. Patil Employees Representative	Representing Labour (From Nov 2022)
9	Shri Ravindra Patil Employees Representative	Representing Labour (From Nov 2022)

2. प्रधान अधिकारी

1.	श्री संजय सेठी, भा.प्र.से.	अध्यक्ष (2 जनवरी, 2024 तक)
2.	श्री उन्मेष शरद वाघ, भा.रा.से.	उपाध्यक्ष/अध्यक्ष (3 जनवरी, 2024 से)
3.	श्री विद्याधर मालेगाँवकर, भा.रे.भं.से.	मुख्य सतर्कता अधिकारी (दिसम्बर, 2023 तक)
4.	श्रीमती मनीषा जाधव	महाप्रबंधक (प्रशासन) एवं सचिव
5.	श्री नितिन बोरवणकर	मुख्य महाप्रबंधक (यांत्रिक एवं विद्युत अभियांत्रिकी)
6.	श्री जी. वैद्यनाथन	मुख्य महाप्रबंधक (पयोवि)
8.	श्री गिरीष थॉमस	महाप्रबंधक (यातायात)
9.	कप्तान बालासाहेब वी. पवार	उप-संरक्षक
11.	श्री गौतम कुमार दास	महाप्रबंधक (वित्त)
12.	कप्तान शशिकांत जाधव	हार्बर मास्टर

पत्तन कार्यालय, शेवा

प्रशासन भवन
शेवा, नवी मुंबई – 400 707
दूरभाष सं. Tel. No. 022 27244025/ 67814025
फैक्स सं. Fax No. 022 27244020/ 67814020
वेबसाइट Website: http://www.jnport.gov.in

2. PRINCIPAL OFFICERS

1.	Shri Sanjay Sethi, IAS	Chairman up to 2nd January, 2024
2.	Shri Unmesh Sharad Wagh, IRS	Deputy Chairman / Chairman From 3rd January 2024
3.	Shri Vidyadhar Malegaonkar, IRSS	Chief Vigilance Officer up to December 2023
4.	Smt. Manisha Jadhav	General Manager (Admn) & Secretary
5.	Shri Niteen Borwankar	Chief General Manager (M&EE)
6.	Shri G. Vaidyanathan	Chief General Manager (PP & D)
8.	Shri Girish Thomas	General Manager (Traffic)
9.	Capt. Balasaheb V. Pawar	Dy. Conservator
11.	Shri Gautam Kumar Das	General Manager (Finance)
12.	Capt. Shashikant Jadhav	Harbour Master

PORT OFFICE, SHEVA

Administration Building
Sheva, Navi Mumbai – 400 707
Tel. No. 022 27244025/ 67814025
Fax No. 022 27244020/ 67814020
Website: http://www.jnport.gov.in

अध्यक्ष की रिपोर्ट

जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण की वर्ष 2023-24 की प्रशासन रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है ।

3.1 प्रचालनीय निष्पादन

जनेप प्रा ने वर्ष 2023-24 के दौरान 6.43 मिलियन टीईयू का प्रहस्तन करके कंटेनर प्रहस्तन में अपना अग्रणी स्थान बनाए रखा है । वर्ष के दौरान पत्तन ने 85.82 मिलियन टन कार्गो का प्रहस्तन किया जबकि पिछले वर्ष 83.86 मिलियन टन का प्रहस्तन किया गया था । पिछले वित्त वर्ष की तुलना में कंटेनर यातायात टन भार की गणना में 2.54% बढ़ गया है ।

पिछले वर्ष की तुलना में बीएमसीटी के यातायात में टीईयू के संदर्भ में 18.29% और टनों के संदर्भ में 13.2% वृद्धि हुई है और एनएसआईसीटी के यातायात में टीईयू के संदर्भ में 3.22% की वृद्धि हुई है जबकि टनों के संदर्भ में 1.63% की मामूली कमी आई है । जीटीआई और एनएसआईजीटी में पिछले वर्ष की तुलना में टीईयू के संदर्भ में क्रमश: 13.99% और 2.22% की कमी आई है और टनों के संदर्भ में क्रमश: 17.08% और 3.36% की कमी आई है । पिछले वर्ष की तुलना में बल्क कार्गो यातायात में भी 0.31% की वृद्धि हुई है ।

कुल मिलाकर, पिछले वर्ष प्रहस्तित 6.05 मिलियन टीईयू की तुलना में जने पत्तन ने वर्ष 2023-24 में 6.43 मिलियन टीईयू का प्रहस्तन किया । इसमें व्यक्तिगत टर्मिनलों का योगदान निम्नलिखित रूप से है-

CHAIRMAN'S REPORT

It gives me immense pleasure to present the Administration Report of the Jawaharlal Nehru Port Authority (JNPA) for the year 2023-24.

3.1 Operational Performance

JNPA has successfully retained its leading position in container handling, achieving a remarkable throughput of 6.43 million TEUs during 2023-24. The port handled 85.82 million tonnes of cargo during the year, a rise from 83.86 million tonnes in the previous year. The container traffic increased by 2.54% in tonnage over the last fiscal year.

The container traffic at BMCT registered an impressive growth of 18.29% in TEUs and 13.2% in tonnage. The throughput at NSICT increased by 3.22% in TEUs, though there was a slight decline of 1.63% in tonnage compared to the previous year. Conversely, both GTI and NSIGT witnessed declines in TEUs—13.99% and 2.22%, respectively—with corresponding declines in tonnage by 17.08% and 3.36%. Bulk cargo traffic increased by a modest 0.31% year-on-year.

In total, Jawaharlal Nehru Port handled 6.43 million TEUs in 2023-24, compared to 6.05 million TEUs in the previous year. The contributions from individual terminals are as follows:

- एनएसआईसीटी -1.13 मिलियन टीईयू (17.61%)
- एनएसआईजीटी- 1.11 मिलियन टीईयू (17.29%)
- जीटीआई - 1.59 मिलियन टीईयू (24.70%)
- बीएमसीटी - 2.03 मिलियन टीईयू (31.53%)
- एनएसएफटी- 0.56 मिलियन टीईयू (8.74%)
- एनएसडीटी - 0.008 मिलियन टीईयू (0.12%)

3.2 वित्तीय निष्पादन :

पत्तन की प्रचालन आय वर्ष 2023-24 में 6.91% बढ़कर रु. 2722.29 करोड़ हो गई जो वर्ष 2022-23 में रु.2546.23 करोड़ थी । वर्ष 2023-24 में प्रचालन व्यय 20.78% घटकर 958.33 करोड़ रहा जबकि यह 2022-23 में 1209.68 करोड़ था । वर्ष 2023-24 में प्रचालन लाभ 31.98% बढ़कर 1763.96 करोड़ रहा जो पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में 1336.55 करोड़ था। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना के लिए असाधारण मद में रु. 43.18 करोड़ का प्रावधान किया गया जबकि पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में अनुग्रह राशि के भुगतान पर रु. 13.29 करोड़ का प्रावधान किया गया था। वर्ष 2023-24 में कर पूर्व लाभ 28.08% बढ़कर रु.2021.40 करोड़ हो गया जबकि यह पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में 1578.13 करोड़ था । कर पश्चात निवल लाभ वर्ष 2023-24 में 22.64% बढ़ कर रु. 1346.43 करोड़ रहा जबकि यह 2022-23 में रु.1097.84 करोड़ था।

3.3 आधारभूत संरचनाओं का विकास :

3.3.1 जने पत्तन में चौथे कंटेनर टर्मिनल का विकास :

मेसर्स भारत मुंबई कंटेनर टर्मिनल प्रा.लि. (पीएसए) को दि. 06 मई, 2014 को किए गए एक छूट करार के माध्यम से डीबीएफओटी आधार पर चौथे कंटेनर टर्मिनल के विकास का कार्य सौंपा गया था। इस परियोजना में दो चरण हैं- प्रत्येक चरण में 1 कि.मी. के घाट का निर्माण, जलयानों के घूमने के क्षेत्र में निकर्षण, 12 घाट क्रेनें, 46 आरटीजी यार्ड क्रेनें तथा रेल यार्ड के लिए 4 आरएमजीसी क्रेनें शामिल हैं जिससे क्षमता में 2.4 मिलियन टीईयू प्रत्येक (कुल 4.8 मिलियन टीईयू) की वृद्धि होगी । पहले चरण की लागत रु. 4,719 करोड़ है और चरण-।। की अनुमानित लागत 3,196 करोड़ है । निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, पहले चरण का कार्य दि.22 दिसम्बर, 2017 को पूरा हो चुका है तथा 30 मिलियन टन प्रतिवर्ष की क्षमता पर इसका प्रचालन भी आरंभ हो चुका है ।

- NSICT – 1.13 million TEUs (17.61% y-o-y)
- NSIGT – 1.11 million TEUs (17.29%)
- GTI – 1.59 million TEUs (24.70%)
- BMCT – 2.03 million TEUs (31.53%)
- NSFT – 0.56 million TEUs (8.74%)
- NSDT – 0.008 million TEUs (0.12%)

3.2 Financial Performance

The Operating Income of the Port increased by 6.91% to ₹2,722.29 Crore in 2023-24 from ₹2,546.23 Crore in 2022-23. The Operating Expenditure reduced by 20.78% in 2023-24 to ₹958.33 Crore against ₹1,209.68 Crore in 2022-23. The Operating Profit increased by 31.98% to ₹1,763.96 Crore in 2023-24 against ₹1,336.55 Crore in the previous financial year. A provision of ₹43.18 Crore was made in FY23-24 in Extra Ordinary items for SVRS Scheme, against ₹13.29 Crore on Ex-Gratia in FY22-23. The Profit before Tax in 2023-24 has increased by 28.08% to ₹2,021.40 Crore from ₹1,578.13 Crore in 2022-23. There is an increase of 22.64% in Net Profit after Tax in 2023-24 to ₹1,346.43 Crore from ₹1,097.84 Crore in 2022-23.

3.3 Infrastructure Development

3.3.1 Fourth Container Terminal at Jawaharlal Nehru Port

M/s Bharat Mumbai Container Terminals Pvt Ltd (PSA) was awarded the development of Fourth Container Terminal on a DBFOT basis through a Concession Agreement on 6th May 2014.

The project comprises two phases – each phase consists of 1 kilometer of quay line, dredging of manoeuvering area, 12 quay cranes, 46 RTG Yard cranes and 4 RMGC cranes for its railyard, generating capacity of 2.4 million TEUs each, totaling 4.8 million TEUs. The cost of Phase I is ₹4,719 Crore, and the estimated cost of Phase II is ₹3,196 Crore. As per schedule, the work of Phase I was completed on 22nd December 2017 and put into operation with a capacity of 30 MTPA.

30 मिलियन टन प्रतिवर्ष की क्षमता के दूसरे चरण का कार्य संशोधित रूपरेखा के लिए पर्यावरणीय अनुमति और पूर्ववर्ती शर्तों के पूर्ण होने के बाद कार्य 17 अप्रैल 2022 को आरंभ हुआ। कार्य अभी प्रगति पर है।

परियोजना के लाभ

- पत्तन की कुल प्रहस्तन क्षमता बढ़कर 10.7 मिलियन टीईयू हो जाएगी।
- भारत के अग्रणी कंटेनर पत्तन के रूप में जनेप प्राधिकरण की स्थिति और सुदृढ़ हो जाएगी।
- जनेप प्राधिकरण में एक और विश्वस्तरीय पत्तन प्रचालक (पीएसए) कार्य करने लगेगा।

3.3.2 वाढवण, महाराष्ट्र में ग्रीनफील्ड पत्तन का विकास

महाराष्ट्र में केवल दो महा पत्तन हैं - मुंबई पत्तन तथा जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण। दोनों पत्तन पिछले कई दशकों से कार्गो की निकासी में समस्या का अनुभव कर रहे हैं क्योंकि पत्तन के आस पास शहर का विकास हो गया है और बंदरगाह की गहराई भी सीमित है, जिसमें 15 मीटर तक के ड्राबाव वाले जलयान ही घाटायन के लिए आ पाते हैं। अरब सागर में मुंबई के उत्तर में वाढवण नए पत्तन के विकास के लिए पूरी तरह आदर्श है जहाँ तट से 4½ समुद्री मील की दूरी पर 20 मीटर की प्राकृतिक गहराई उपलब्ध है। यह राष्ट्रीय रेलवे ग्रिड से लगभग 12 किमी और राष्ट्रीय राजमार्ग 48 से लगभग 32 किमी पर है। जनेप प्राधिकरण ने महाराष्ट्र सरकार (महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड) के सहयोग से वाढवण पत्तन के विकास का प्रस्ताव किया और 5 जून, 2015 को वाढवण में एक नए पत्तन की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। वाढवण को भारत सरकार के भारतीय पत्तन अधिनियम, 1908 के अंतर्गत दि. 19 फरवरी. 2020 को महापत्तन के रूप में अधिसूचित किया गया। यह पत्तन जनेप प्राधिकरण और महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड की क्रमशः 74% और 26% की हिस्सेदारी के साथ संयुक्त रूप से विकसित किया जाएगा। पत्तन का विकास भूस्वामी पत्तन (लैंडलॉर्ड पोर्ट) मॉडल पर विकसित किया जाएगा।

परियोजना के लाभ

- पूरी तरह से विकसित हो जाने पर यह भारत का अपना मेगा पोर्ट होगा जिसकी क्षमता 300 मी. टन प्रति वर्ष होगी।
- यह भारत से बाहर प्रहस्तित होने वाले यानांतरण कार्गो में कमी लाएगा, जो वर्तमान में 75% है।

The work on Phase II of 30 MTPA capacity commenced on 17th April 2022 after receipt of amendment in EC for revised layout and after fulfilment of conditions precedent. The work is in progress.

Benefits of the Project

- Increase the overall Port handling capacity to 10.7 million TEUs
- Reinforces JNPA's position as the premier container port of India
- Adds another world-class Port Operator PSA in JNPA

3.3.2 Greenfield Port at Vadhavan, Maharashtra

Maharashtra has only two major ports, i.e., Mumbai Port and Jawaharlal Nehru Port. Both the Ports have been constrained in the evacuation of cargo for past several decades due to the development of city areas around them, as well as due to the limited depths in the harbor which allows draft ships of only up to 15 meters to berth. The Arabian coast at Vadhavan towards the north of Mumbai is most suitable and ideal for the development of a new port where a natural depth of 20 meters is available at about 4½ nautical miles from the shore. The location is about 12 kilometer from the National Railway grid and about 32 kilometer from NH 48. JNPA proposed to develop Vadhavan Port along with the participation of Government of Maharashtra (Maharashtra Maritime Board) and an MoU was signed on 5th June 2015 to set up a new port at Vadhavan. Vadhavan Port has been notified as a Major Port under the Indian Ports Act 1908 by Government of India on 19th February 2020. This Port will be jointly implemented by JNPA and Maharashtra Maritime Board with a shareholding of 74% and 26%, respectively. The Port will be developed based on Landlord Port model.

Benefits of the Project

- When fully developed, it will be India's own Mega Port with capacity of 300 MTPA
- It will reduce India's transshipment cargo handled outside India, which at present is 75%

वर्तमान स्थिति

- वाढवण में ग्रीनफील्ड पोर्ट के निर्माण को फरवरी, 2020 में सैद्धांतिक मंजूरी मिली ।
- वाढवण पत्तन की महापत्तन के रूप में अधिसूचना भारत के सरकारी राजपत्र में 19 फरवरी 2020 को प्रकाशित ।
- भारत सरकार द्वारा निवेश के निर्णय हेतु सलाहकार के साथ विस्तृत परिकल्पना एवं अभियांत्रिकी की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है ।
- डीटीईपीए से अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) प्राप्त हो गई है ।
- वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से पर्यावरण अनुमति प्राप्त हुई है ।
- रेल सम्पर्क और सड़क सम्पर्क क्रमशः पश्चिम रेलवे / रेल मंत्रालय और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के माध्यम से विकसित करने की योजना है ।
- भारत सरकार से कैबिनेट मंजूरी प्राप्त हो गई है ।

3.3.3 तटीय घाट

भारत सरकार ने तटीय नौवहन को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक महापत्तन में एक तटीय जलयान घाट का निर्माण करने का निर्णय लिया है। तटीय जलयानों को लाने के लिये इनका विकास उथले हिस्से में किया जाएगा जहाँ बड़े अंतरराष्ट्रीय जलयान नहीं आ सकते और यह हिस्सा कार्गो प्रहस्तन सीमाशुल्क तथा अप्रवास की औपचारिकताओं से मुक्त होगा । इस आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, जनेप प्राधिकरण ने 250 मी. लंबाई, 11 मी. की गहराई, 11 हैक्टेयर के बैक अप क्षेत्र और 2.5 मी. टन प्रति वर्ष क्षमता (1.5 मी. टन प्रति वर्ष तरल कार्गो ओर 1 मी. टन प्रति वर्ष सामान्य तटीय कार्गो) के तटीय घाट का विकास किया है ।

परियोजना के लाभ :

इससे पत्तन संबंधी प्रलेखन और सीमाशुल्क औपचारिकताओं के कारण होने वाले विलंब में कमी आएगी. इस प्रकार समय की बचत होगी और समग्र तटीय व्यापार में वृद्धि होगी ।

वर्तमान स्थिति :

- तटीय घाट का कार्य 30 मार्च, 2021 को पूर्ण हो चुका है और इसका आरंभ 6 जुलाई 2021 को हुआ ।
- जेएम बख्शी पोर्ट्स एंड लॉजिस्टिक्स लि. के संघ के साथ 15 नवम्बर 2022 को छूट करार पर हस्ताक्षर किए गए और 25 मई, 2023 को तटीय घाट उन्हे सौंपा गया है ।

Status

- In-principle approval for setting up of Greenfield Port project in Vadhavan was received in February 2020
- The notification of Vadhavan Port as Major Port was published in the official Gazette of Government of India (GoI) on 19th February 2020
- Detailed Design and detailed Engineering is completed through a consultant for the requirement of investment decision of GoI
- NOC from DTEPA is received
- EC from MOF & CC is received
- Rail and road connectivity are planned to be implemented through WR/MOR and NHAI respectively
- Cabinet approval is received from GoI.

3.3.3 Coastal Berth

To give momentum to coastal shipping, the Government of India has decided to have a coastal vessel berth in every major port, which is to be located in the shallower portion where large international ships cannot enter, to accommodate the ship's coastal vessel wherein cargo handling shall be free from Customs and immigration formalities. Responding to this requirement, JNPA has built a coastal berth of 250 meters in length, a draft of 11 meters, backup area of 11 hectares and capacity of 2.5 MTPA (1.5 MTPA of liquid cargo and 1 MTPA of general coastal cargo).

Benefits of the Project

- To reduce the delays caused due to port-related paperwork and Customs formalities, thus saving time and enhancing overall coastal trade.

Status

- The coastal berth was completed on 30th March 2021 and commissioned on 6th July 2021
- The Concession agreement was signed with the consortium of JM Baxi Ports & Logistics Ltd on 15th November 2022 and awarded on 25th May 2023

- नए टर्मिनल – न्हावा शेवा डिस्ट्रीब्यूशन टर्मिनल प्रा. लि. पर मई 2023 से प्रचालन आरंभ हुआ है ।

3.3.4 अतिरिक्त द्रव कार्गो घाट का विकास

द्रव कार्गो की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए जनेप प्राधिकरण ने रु. 181 करोड़ की लागत से 4.5 मिलियन टन प्रतिवर्ष क्षमता का एक द्रव कार्गो घाट विकसित किया है । घाट पर एक तरफ 70,000 कुल टन भार और दूसरी तरफ 25,000 कुल टन भार के जलयानों का एक साथ प्रहस्तन करने के लिए दुहरी सुविधा है।

परियोजना के लाभ

जनेप प्राधिकरण में द्रव कार्गो प्रहस्तन क्षमता में 4.5 मिलियन टन की वृद्धि होगी । इससे न केवल जलयानों का घाटायन-पूर्व प्रतीक्षा समय कम होगा बल्कि पत्तन में जलयानों का घुमाव समय भी कम होगा जिससे आयातकों को फायदा होगा।

वर्तमान स्थिति

- निर्माण कार्य 31 मई, 2023 को पूरा हो गया ।
- जेएसडब्ल्यू के साथ दि. 8 अप्रैल, 2024 को छूट करार पर हस्ताक्षर किए गए।

3.3.5 विशेष आर्थिक क्षेत्र भूखंड विकास

277 हैक्टेयर का यह अपनी तरह का इकलौता बहु उत्पाद विशेष आर्थिक क्षेत्र है जो भारत के अग्रणी कंटेनर पत्तन, जवाहरलाल नेहरू पत्तन के बगल में स्थित है । भारत के माननीय प्रधान मंत्री द्वारा वर्ष 2014 में उद्घाटित यह औद्योगिक केंद्र भारत में निर्यात केंद्रित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए नवीनतम आधारभूत सुविधाओं के साथ कुशलता से परिकल्पित है । जनेप प्राधिकरण के निकट स्थित होने के कारण, वैश्विक बाजारों तक पहुँच और विभिन्न साधनों द्वारा मजबूत संपर्क सुनिश्चित है। आने वाले नवी मुंबई हवाई अड्डा, डीएफसी रेल कॉरिडोर, ट्रान्स हार्बर सड़क सम्पर्क जैसी बहुविध आधारभूत संरचनाओं से इसकी समीपता इसे एक निर्माण केंद्र के रूप में और आकर्षक बनाती है । जेएनपीए एसईजेड पत्तन आधारित औद्योगिकीकरण में एक नया प्रतिमान स्थापित करके पोत परिवहन मंत्रालय के 'पत्तन आधारित औद्योगिकीकरण' के सागरमाला कार्यक्रम के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध है । इस विशेष आर्थिक क्षेत्र में अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ खाद्य प्रसंस्करण, अभियांत्रिकी,

- The New Terminal at Nhava Sheva Distribution Terminal Pvt Ltd commenced operations from May 2023

3.3.4 Development of Additional Liquid Cargo Jetty

To meet the growing demand of the liquid cargo, JNPA has developed a liquid jetty with a capacity of 4.5 MTPA at a cost of ₹181 Crore. The jetty has twin berths to handle 70,000 DWT vessels on one side and 25,000 DWT vessels on the other side simultaneously.

Benefits of the Project

Capacity enhancement of 4.5 million tonnes of liquid cargo in JNPA. It will not only reduce the pre-berthing waiting period of vessels, but also bring down the Turn Around Time of the Port and maximise benefit to the importers.

Status

- The construction work was completed on 31st May 2023.
- The Concession agreement was signed with JSW on 8th April 2024

3.3.5 SEZ Plot Development

This is a unique and India's first multi-product SEZ project spread over 277 hectares located next to Jawaharlal Nehru Port, India's leading container port. This industrial hub, inaugurated by Hon'ble Prime Minister of India in 2014, is meticulously designed with state-of-the-art infrastructure to boost export-oriented industries in India. Being close to JNPA, the project promises ready access to global markets and strong multi-modal connectivity. Access to upcoming multi-modal infrastructure projects including Navi Mumbai airport, DFC rail corridor and Trans-harbor road link further increases the attractiveness of JNPA SEZ as a manufacturing destination. JNPA SEZ aims to set a new benchmark in port-led industrialisation, and thus plays a key role in the Ministry of Ports, Shipping and Waterways' Sagarmala vision of 'Port-led Industrialisation'. The SEZ has investment opportunities for various sectors such as Food processing,

श्रृंगार-प्रसाधन, वाहन पुर्जे, दवा आदि जैसे उद्योगों के लिए निवेश का अवसर है । इसमें एक मुक्त व्यापार भंडारण क्षेत्र भी विकसित किया जा रहा है जिससे इस परियोजना का महत्व और बढ़ जाएगा ।

परियोजना के लाभ :

अवस्थिति : जेएनपीए-एसईजेड को स्थानीय और वैश्विक रूप से अच्छी तरह जुड़े होने का भू-केंद्रिक लाभ प्राप्त है । इसे भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई के निकट स्थित होने का लाभ भी प्राप्त है । जने पत्तन से 5 किमी से भी कम दूरी पर स्थित होने से यह औद्योगिक क्षेत्र जनेप कंटेनर टर्मिनलों के माध्यम से वैश्विक बाजारों तक सीधी पहुँच रखता है ।

सड़क सम्पर्क : यह विशेष आर्थिक क्षेत्र राज्य और राष्ट्रीय राजमार्गों से सीधे जुड़ा हुआ है । राज्य और राष्ट्रीय राजमार्गों के 6 से 8 लेन में उन्नयन किए जाने और जनेप विशेष आर्थिक क्षेत्र को पूर्वी मुंबई से जोड़ने वाली शिवड़ी-न्हावा सड़क (अटल सेतु) के बनने के बाद सड़क परिवहन और सुगम हो गया है । अलीबाग-विरार बहुविध परिवहन कॉरिडोर के खोपटा जंक्शन तक बन जाने से सम्पर्क और सुधर जाएगा। जनेप प्राधिकरण पश्चिमी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर स्थित है जिससे उत्तरी बाजारों को सीधा सम्पर्क मिल पाता है ।

लंबी अवधि के पट्टे : जेएनपीए-एसईजेड निवेशकों को 60 वर्ष के पट्टे पर भूखंड आबंटित कर रहा है। यह आबंटन पारदर्शी ई-निविदा सह ई-नीलामी प्रक्रिया द्वारा किया गया है ।

एकल खिड़की व्यवस्था : जेएनपीए-एसईजेड में भूखंड धारक इकाइयों को विभिन्न अनुमोदनों के लिए एकल खिड़की व्यवस्था उपलब्ध करवाई जाती है । विशेष आर्थिक क्षेत्र अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत महाराष्ट्र सरकार द्वारा जनेप प्राधिकरण को विशेष नियोजन प्राधिकरण (एसपीए) और विद्युत वितरण लाइसेंस प्रदाता का दर्जा देने से ऐसा संभव हुआ है ।

रोजगार : इससे 57000 रोजगार उत्पन्न होने और 4000 करोड़ का निवेश प्राप्त होने की संभावना है ।

वर्तमान स्थिति

- बुनियादी संरचना के विकास का कार्य जून, 2021 में पूरा हो गया है और सभी इकाइयों को उनका प्रचालन आरंभ करने के लिए सभी आवश्यक सहायता प्रदान की जा रही है ।

Engineering, Cosmetics, Auto components and Pharmaceuticals, among others. A Free Trade Warehousing Zone (FTWZ) is also being developed, which will further accentuate the value of this project.

Benefits of the Project

Location: JNPA SEZ has geocentric advantage of being well-connected locally and globally. It has the location advantage of being near Mumbai, the economic capital of India. Being less than 5 kilometers away from the JNPA Port, this industrial zone has direct access to global markets via JNPA's Container Terminals.

Connectivity: The SEZ is directly connected to state and national highways. Road transportation is facilitated with the upgradation of state and national highways to 6-8 lane roads, and with the Sewri-Nhava road (Atal Setu) connecting the JNPA SEZ area to Eastern Mumbai. The Alibaug-Virar multimodal transport corridor having approach at Khopta junction will add transportation advantage. JNPA is on the Western Dedicated Freight Corridor, offering ready access to markets in the north.

Longer Lease Period: JNPA SEZ is allotting the land on 60-year lease to investors. The allotment is done through a transparent e-tender-cum-e-auction process.

Single Window Clearance: JNPA SEZ provides single window clearance for approvals about the units which are given possession in JNPA SEZ. This is facilitated as JNPA is awarded the Special Planning Authority (SPA) and Electrical distribution licensee status by GoM, as per SEZ Act provisions.

Employment: It is envisaged to generate 57,000 jobs and ₹4,000 Crore of investment.

Status

- The development of infrastructure was completed in June 2021 and the units are provided with all necessary support to commence operations

- 50 एमवीए क्षमता का एक विद्युत सबस्टेशन विकसित किया गया और मार्च, 2021 से उसका प्रचालन आरंभ हो गया है ।
- पर्यावरणीय अनुमति और स्थापना एवं प्रचालन संबंधी सहमति प्राप्त हो गई है ।
- कुल 277 हैक्टेयर भूमि में से 162 हैक्टेयर (@400 एकड़) भूमि 60 वर्ष के पट्टे पर आबंटित की जानी है ।
- जेएनपीए एसईजेड में कुल 45 निवेशकों को लगभग 100 हैक्टेयर (250 एकड़) भूमि आबंटित की गई है, जिसमें मुक्त व्यापार भंडारण क्षेत्र के लिए मेसर्स न्हावा शेवा बिज़नेस पार्क को 84 एकड़ की भूमि शामिल है ।
- जेएनपीए एसईजेड में 10 इकाइयों ने अपने पहले बीजक (बिल) जारी कर दिए हैं और उन्हें प्रचालनीय इकाई घोषित किया जा चुका है । इस प्रकार जेएनपीए-एसईजेड जून, 2020 से पहला प्रचालनीय पत्तन आधारित बहु उत्पाद विशेष आर्थिक क्षेत्र बन गया है ।
- 05 और इकाइयों ने अपनी निर्माण गतिविधियां आरंभ कर दी हैं और अपना प्रचालन शीघ्र आरंभ करने वाली हैं ।

3.3.6 वर्धा में ड्राय पोर्ट

सैद्धांतिक रूप से एक ड्राय पोर्ट/अंतर्देशीय कंटेनर डिपो देश के आंतरिक हिस्से में स्थित एक इंटर मोडल टर्मिनल है जो एक या अधिक पत्तनों के माध्यम से रेल और/अथवा सड़क मार्ग से जुड़ा होने के कारण उस क्षेत्र को विदेशी गंतव्य स्थानों के साथ व्यापार सुविधा प्रदान करता है । सामान्यत: एक ड्राय पोर्ट कंटेनर व्यापार पर केंद्रित होता है और पत्तन में नौवहन और फ्रेट अग्रेषण एजेंटों के लिए आवश्यक विभिन्न मूल्य संवर्धन सुविधाओं सहित सभी परिवहन सेवाऐं उपलब्ध करवाता है ।

पत्तन ने ड्राय पोर्ट के विकास के लिए मई, 2017 में मे. सिकॉम लि. से रु. 88.34 लाख की लागत पर 140.01 हैक्टेयर भूमि खरीदी । आधारभूत संरचनाओं के विकास, विद्युत आपूर्ति और रेल सम्पर्क के विकास कार्य पर रु. 126.83 करोड़ का व्यय किया गया ।

नागपुर – वर्धा में मल्टी मोडल लॉजिस्टिक पार्क के विकास के लिए 22 अक्टूबर 2021 को समझौता ज्ञापन पर जनेप प्राधिकरण और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण/एनएचएलएमएल के बीच हस्ताक्षर किए गए । समझौता ज्ञापन के प्रावधानों के अनुसार विशेष उद्देश्य कम्पनी का गठन किया गया है और

- An electric substation of 50 MVA capacity was developed and commenced operations from March 2021
- Environmental Clearance and Consent to establish and operate have been received
- Of the 277 Ha land, 162 hectares (~ 400 acres) to be allotted on 60-year lease
- A total of 45 investors have been allotted land of around 100 Ha (250 acres) in JNPA SEZ, which includes 84 acres of land for M/s. Nhava Sheva Business Park (NSBPL) for FTWZ
- Ten units in JNPA SEZ have generated their first invoice and are declared operational and thus JNPA SEZ is now the first port-based operational multi-product SEZ from June 2020
- Few more units have started construction activities and are planning to commence operations soon

3.3.6 Dry Port at Wardha

Conceptually, a Dry Port/ ICD is an intermodal terminal situated in the hinterland servicing a region connected with one or several ports by rail and/or road transport and offers specialised services between the Dry Port and overseas destinations. Normally, the Dry Port is container-oriented and supplies all logistics facilities including various value- addition opportunities, which are needed for shipping and forwarding agents in a port.

The Port acquired 140.01 hectares of land for development of Dry Port in May 2017 from M/s. SICOM Limited at a cost of ₹88.34 Lac. An expenditure of ₹126.33 Cr has been incurred for development of infrastructure, electric power and rail connectivity.

JNPA and NHAI/NHLML signed an MoU on 22nd October 2021 for development of MMLP at Nagpur-Wardha. As per the provisions of the MoU, the SPV has been formed

मल्टी मोडल लॉजिस्टिक पार्क का विकास भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण/ एनएचएलएमएल द्वारा विशेष उद्देश्य कम्पनी का मुख्य सदस्य होने के नाते किया जाएगा । मल्टी मोडल लॉजिस्टिक पार्क की निगरानी एनएचएलएमएल द्वारा की जाएगी, इसलिए जनेप प्राधिकरण द्वारा आगे और निवेश नहीं किया जाएगा । मल्टी मोडल लॉजिस्टिक पार्क के संचालन के लिए रियायतग्राही नियुक्त किया गया है एनएचएलएमएल द्वारा करार की प्रक्रिया चल रही है ।

3.3.7 जालना में ड्राय पोर्ट

यह ड्राय पोर्ट महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले के जालना में स्थित है और यहाँ 182 हैक्टेयर में चरणबद्ध रूप से निर्माण प्रस्तावित है। इंजन वापसी लाइन, लदाई प्लेटफार्म, चारदीवारी आदि सहित निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और 29 मार्च 2023 को इंजन परीक्षण कर लिया गया है ।

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने परियोजना के मल्टी मोडल लॉजिस्टिक पार्क के रूप में विकास के लिए जनेप प्राधिकरण और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के बीच एक विशेष उद्देश्य कंपनी के गठन को अनुमोदन दे दिया है और 21 सितंबर 2022 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस मल्टी मोडल लॉजिस्टिक पार्क का कार्यान्वयन जनेप प्राधिकरण और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की विशेष उद्देश्य कम्पनी एनएचएलएमएल द्वारा किया जाएगा । मल्टी मोडल लॉजिस्टिक पार्क के संचालन के लिए कॉनकोर को नियुक्त किया गया है एनएचएलएमएल द्वारा करार की प्रक्रिया चल रही है ।

3.4 जेएनपीए में हरित पहल

3.4.1 नवीकरणीय ऊर्जा का हिस्सा: जेएनपीए को एमएसईडीसीएल (DISCOM) के डीएफ में शामिल किया गया है और जनवरी 2023 में डीएफ प्रचालनीय हो गया है । डीएफ के अनुसार, कुछ पीपीपी ऑपरेटरों ने पहले ही ओपन एक्सेस विनियमों के तहत अक्षय ऊर्जा पीपीए पर हस्ताक्षर किए हैं और एक पीपीपी ऑपरेटर ने हरित ऊर्जा (ग्रीन एनर्जी) उपयोग भी आरंभ कर दिया है । वर्तमान में जेएनपीए की अक्षय ऊर्जा की कुल क्षमता 14.10 मेगावाट (रूफटॉप + ग्राउंड माउंटेड + ओपन एक्सेस) है और अन्य पीपीपी ऑपरेटर भी वर्ष 2024-25 में हरित ऊर्जा का उपयोग आरंभ करेंगे । तब, जेएनपीए का कुल अक्षय ऊर्जा का हिस्सा 60% तक पहुँच जाएगा । जेएनपीए 2030 तक अक्षय ऊर्जा का 60% से अधिक हिस्सा प्राप्त करने के लिए मैरीटाइम इंडिया विज़न 2030 लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है।

and further development of MMLP project is executed by NHAI/NHLML, being a lead member of SPV. The MMLP will be monitored by NHLML, and therefore, no further investment will be made by JNPA. Concessionaire for operation of MMLP is finalised and an agreement is in progress by NHLML.

3.3.7 Dry Port at Jalna

The Dry Port is situated in Jalna near the Aurangabad district of Maharashtra and is being constructed over an area of 182 hectares in phased development. The construction work including engine reversal line, loading platforms, compound wall etc. is completed and engine trial has been completed on 29th March 2023.

SPV formation with NHAI for development of the project as multi-modal to Logistics park has been approved by MOPSW and an MoU was signed on 21st September 2022. The MMLP now is implemented by NHLML under SPV between NHML of NHAI and JNPA. CONCOR has been appointed to operate the MMLP and an agreement is in process by NHLML.

3.4 Green Initiatives at JNPA

3.4.1 Share of Renewable Energy: JNPA entered in DF of MSEDCL (DISCOM) and the DF operationalised in January 2023. As per the DF, some of the PPP Operators have signed Renewable Energy PPA under open access regulations and one of the PPP Operators has started taking Green energy. At present, JNPA's total capacity of renewable energy is 14.10 MW (Rooftop + Ground Mounted + Open Access) and Other PPP operators will also start taking Green Power in the year 2024-25. The total Renewable Energy share will then reach up to 60%. JNPA may achieve the Maritime India Vision 2030 target to attain more than 60% share of renewable energy by 2030.

3.4.2 ग्रीन ट्रांसपोर्टेशन और चार्जिंग स्टेशन : जेएनपीए ने 16 इलेक्ट्रिक वाहन किराए पर लिए हैं। जेएनपीए और सभी टर्मिनल भी इलेक्ट्रिकल/सीएनजी वाहनों को अपनाने की योजना बना रहे हैं । पत्तन क्षेत्र के अंदर 03 फास्ट चार्जर के साथ 02 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए गए हैं और ग्रीन कॉरिडोर झेड़ईटी के लिए बीएमसीटीपीएल में 01 चार्जिंग स्टेशन (04 चार्जिंग पॉइंट) स्थापित किया गया है। भविष्य में आवश्यकता के आधार पर अतिरिक्त इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग सुविधाऐं प्रदान की जाऐंगी।

3.4.3 तट पर विद्युत आपूर्ति : पहले चरण में, जेएनपीए 93 करोड़ रुपये की कुल लागत पर पायलट परियोजना के रूप में एक पीपीपी टर्मिनल के लिए तट पर विद्युत आपूर्ति परियोजना को आरंभ कर रहा है । इस परियोजना के परिणाम के आधार पर, अन्य पीपीपी टर्मिनलों में (लिक्विड बर्थ को छोड़कर) दूसरा चरण कार्यान्वित किया जाएगा, क्योंकि वर्तमान में यह संभव नहीं है ।

3.4.4 कार्गो प्रहस्तन उपस्करों को बिजली से संचालित उपकरणों में परिवर्तित करना : वर्तमान में कुल कंटेनर प्रहस्तन उपस्करों में से 43% बिजली से संचालित हैं । डीज़ल आरटीजी क्रेनों को बिजली से संचालित उपकरणों में परिवर्तित करने और बीएमसीटीपीएल के दूसरे चरण में नए इलेक्ट्रिक आरटीजीसी के अधिग्रहण के बाद, 2025-26 की पहली तिमाही तक कुल 71% क्रेन बिजली से संचालित हो जाएंगी। जिससे, जेएनपीए मैरीटाइम इंडिया विजन -2030 (2030 तक 50% पत्तन उपस्कर बिजली से संचालित होने चाहिए) के लक्ष्य को 2025-26 तक प्राप्त कर लेगा।

3.4.5 बिजली की बचत के लिए आईओई सेंसर के स्मार्ट लाइटिंग प्रणाली आरंभ की गई : स्मार्ट स्ट्रीट लाइट परियोजना को टाउनशिप क्षेत्र में सफलतापूर्वक चालू किया गया और इसे हाईवे स्ट्रीट लाइट की नई परियोजनाओं में लागू किया जा रहा है और कुल 1000 स्मार्ट स्ट्रीट लाइट फिटिंग्स लगाई गई हैं । प्रशासनिक भवन में सभी कार्यालय केबिन, सम्मेलन कक्ष और कॉरिडोर क्षेत्र में बिजली की बचत के लिए आईओटी आधारित स्मार्ट सेंसर लगाए गए हैं।

3.4.6 झीलों का जीर्णोद्धार : जेएनपीए ने शेवा मंदिर, शेवा तलहटी और सीपीपी प्लाजा के पास स्थित झीलों के जीर्णोद्धार का काम पूरा कर लिया है । जेएनपीए ने वर्ष 2024-25 में पर्यावरणीय जिम्मेदारी के एक हिस्से के रूप में जसखार गांव में एसटीपी के पास और वायुसेना कॉलोनी के पास जल निकायों के जीर्णोद्धार का काम भी अपने हाथ में लिया है।

3.4.2 Green Transportation and Charging Stations: JNPA has hired 16 EVs. JNPA and the Terminals are also planning to switch over to electrical/CNG vehicles. Two EV Charging Stations with three fast chargers are installed inside the port area and one charging station (four charging points) are installed at BMCTPL for Green Corridor ZETs. In future, depending upon the requirement, additional EV charging facilities will be provided.

3.4.3 Shore Power Supply: In Phase I, JNPA is implementing Shore Power Supply project for one of the PPP terminals on pilot basis at the total cost of ₹93 Crore. Depending on the outcome of this project, Phase II will be implemented to other PPP Terminals except Liquid berths, as it is not feasible at present.

3.4.4 Conversion of cargo handling equipment to electricity driven: At present, 43% of total container handling equipment are electrically operated. After conversion of diesel RTGs to electric and acquisition of new electric RTGCs in second phase of BMCTPL, 71% of cranes will be electric by Q1 2025-26. Therefore, JNPA will achieve MIV-2030 (50% of Port Equipment's should be electrified by 2030) target by 2025-26.

3.4.5 Introduced smart lighting through IoE sensors to save energy: Smart Streetlight project was successfully commissioned in the township area and is being implemented in new projects of Highway Streetlights and 1,000 smart streetlight fittings are installed. At Administration building, IoT-based smart sensors are installed in all the office cabins, conference halls and the corridor area to save electric energy.

3.4.6 Lake Rejuvenation: JNPA has completed the work of rejuvenation of waterbodies at Sheva temple, Sheva foothill and near CPP plaza. JNPA has also undertaken the work of rejuvenation of waterbodies near STP at Jaskhar Village and near Air Force Colony as part of Environmental responsibility in the year 2024-25.

3.4.7 विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) में वृक्षारोपण: एसईजेड के ग्रीन जोन क्षेत्र में लगभग 12,000 पेड़ लगाए गए हैं ।

3.5 निगमित सामाजिक दायित्व

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय द्वारा महापत्तनों के निगमित सामाजिक दायित्व के लिए जारी दिशानिर्देश 2023 के अनुसार जनेप प्राधिकरण को अपने निवल लाभ के 0.5% से 2% का निगमित सामाजिक गतिविधियों के लिए प्रावधान करना है । तदनुसार, जनेप प्राधिकरण के बोर्ड ने निगमित सामाजिक गतिविधियों के लिए निवल लाभ के 1% का प्रावधान किया है । इसके लिए जनेप प्राधिकरण ने रु. 10.97 करोड़ आबंटित किए हैं । महा पत्तनों के लिए निगमित सामाजिक दायित्व - 2023 पर संशोधित दिशानिर्देशों में किए गए प्रावधानों के अनुसार, जेएनपीए विशेष एजेंसियों के माध्यम से सीएसआर गतिविधियों को क्रियान्वित करता है । वर्ष 2023-24 में सीएसआर के अंतर्गत 13 कार्यान्वयन एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई (11 एजेंसियों को पहली किस्त और 2 एजेंसियों को तीसरी किस्त) । 13 कार्यान्वयन एजेंसियों को कुल 2.03 करोड़ रुपये वितरित किए गए ।

3.6 स्वच्छ भारत अभियान :

